**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**
**शनिवार 28.12.2024**
**समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार युवाओं को आधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए प्रसारत।
- पिछले 24 घंटे से राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी।
- प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस का चेकिंग अभियान जारी, चमोली में अवैध चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

**डॉ. मनमोहन सिंह**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। सिख ग्रंथियों और डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले गुरबानी का पाठ किया और तोपों की सलामी दी गई।

औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अतिरिक्त कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख दिनेश के. त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। एक रिपोर्ट–––

~~पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। इससे पहले, आज सुबह, उनके पार्थिव शरीर को, उनके घर से, कांग्रेस मुख्यालय लाया गया। इसके बाद, वहां से, फूलों से सजे वाहन में अंत्येष्टि स्थल ले जाया गया। देश में, एक जनवरी तक, सात दिनों के लिए राजकीय शोक घोषित किया गया है। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन सार्वजनिक सेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित था। समाचार कक्ष से दीपक रावत।~~

**सीएम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार युवाओं को आधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने आज देहरादून में जर्मनी के फ्रैंकफर्ट संसद सदस्य राहुल कुमार कंबोज से मुलाकात के दौरान ये जानकारी दी। साथ ही दोनों नेताओं ने प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के विषय पर विस्तृत चर्चा की। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को विदेश में रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ठोस कदम उठाने में जुटी है।

**मौसम**

प्रदेश में पिछले 24 घंटे से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, हेमकुंड साहिब, औली समेत प्रदेश के अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बर्फबारी और बारिश से तापमान में गिरावट आई है। साथ ही बारिश से शहरी इलाकों में प्रदूषण से भी राहत मिली है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते अवरूद्ध मार्गों को सुचारू करने के लिए जिला प्रशासन ने सभी प्रबंध किए हैं। शीतलहर से बचाव के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुख्य चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने के साथ ही जरूरतमंदों को कंबल और गर्म कपड़े बांटे जा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से राज्य में मौसम सामान्य रहेगा।

इस बीच, प्रदेश में बढ़ते ठंड को देखते हुए राजधानी देहरादून में 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक सभी स्कूलों और आंगनबाडी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

**पर्यटक**

नव वर्ष से पहले प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई भारी बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचने लगे हैं। साथ ही नए साल के जश्न को देखते हुए नैनीताल, मसूरी, धनोल्टी, चकराता, चोपता, कौसानी व औली समेत अन्य पर्यटक स्थलों पर होटलों और होमस्टे में बुकिंग हो चुकी है। इससे स्थानीय कारोबारी उत्साहित हैं। एक रिपोर्ट–––

नव वर्ष पर पर्यटन व्यवसायियों की उम्मीदों को देखते हुए राज्य सरकार भी तैयारियों में जुट गयी है। सुरक्षा की दृष्टि और पर्यटकों को बेहतर आवागमन के लिए शासन–प्रशासन यातायात व्यवस्थाओं को मजबूत करने में जुटा है। जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए हैं।

इसके अलावा नववर्ष पर पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे पूरे समय खुले रहेंगे। उत्तराखंड के श्रम विभाग के उप सचिव शिव विभूति रंजन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश में रेस्टोरेंट, होटल और ढाबे सप्ताह में सातों दिन और चौबीसों घंटे खुले रखने की अनुमति दी गई है। उन्होंने होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा मालिकों से अपील की है कि वे पर्यटकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए पूरे समय अपने प्रतिष्ठान खुले रखें।

**गृह मंत्रालय**

गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को कल इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह ने श्री खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को बताया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।

**अवैध चरस**

प्रदेश में आगामी नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। चुनाव के मद्देनजर अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में चुनाव के दौरान अवैध मादक पदार्थ, शराब, हथियार और अन्य अवैध गतिविधियों की तस्करी की आशंका को देखते हुए चमोली पुलिस की टीमें लगातार सक्रिय हैं। जगह–जगह सघन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में चमोली पुलिस ने 01 किलो 424 ग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 84 हजार 800 रुपये है।

## राज्यपाल

राज्यपाल गुरमीत सिंह से आज राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने मुलाकात कर नगर निकाय सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। आयुक्त ने बताया कि इस बार निर्वाचन प्रक्रिया में डिजिटलीकरण को प्राथमिकता दी गई है। सभी मतदाता सूचियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है, जिससे आम जनता को आसानी से जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही पहली बार कुछ नगर निगमों में पिंक बूथ बनाए गए हैं, जहां मतदान दल की सभी सदस्य महिलाएं होंगी। इसके अतिरिक्त पहली बार मतगणना के परिणाम सीधे आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे, जो जनसामान्य के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

## मशाल रैली

आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों का व्यापक प्रचार के लिए शुभंकर मौली प्रचार वाहन 6 जनवरी को चमोली पहुंचेगा। इसको लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर मौली और मशाल के जिले में पहुंचने पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि शुभंकर मौली जिले के सभी ब्लाकों के प्रमुख स्थानों, शहर की मुख्य सड़कों और बाजार में घूम कर लोगों को राष्ट्रीय खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। 10 जनवरी को गोपेश्वर में मशाल रैली के तहत भव्य पाण्डवास शो का आयोजन किया जाएगा।

## चमोली डीएम

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने विभिन्न स्तरों पर सड़क परियोजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। आज सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को भूमि अधिग्रहण, वन भूमि हस्तांतरण, संयुक्त निरीक्षण और मुआवजा वितरण से संबंधित मामलों को जल्द निपटाने पर जोर दिया।

इस बीच, जिलाधिकारी ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक में संचालित कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने जिला अस्पताल गोपेश्वर और उप जिला अस्पताल कर्णप्रयाग में अल्ट्रासाउंड केंद्र के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव पर सहमति जताई। श्री तिवारी ने सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर बायोमेट्रिक मशीन लगाने और टीम द्वारा हर माह केंद्र का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

## सीडीओ

चमोली के मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर योजनाओं के सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में केंद्र प्रायोजित पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस पर सूचना अपडेशन, मत्स्य सहकारी समिति के गठन और अन्य योजनाओं पर चर्चा की गयी।